हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026

04 वर्ष प्रतिपदा भारतीय संस्कृति का अत्यंत...



07 आखिरकार कब तक नरबलि लेगा राजगढ़ के...





## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

**सीहोर।** भारतीय सेना के सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण तिथियों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से 01 जून से 15 जून 2026 के मध्य किया जाएगा। परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसकी जानकारी अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होगी। यह भर्ती मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पांढुर्ना सहित अन्य अधिसूचित जिलों के स्थायी निवासियों के लिए होगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, जिसे अभ्यर्थियों को स्वयं भरना होगा। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है। भर्ती के किसी भी चरण में किसी प्रकार की रिश्वत या सिफारिश की आवश्यकता नहीं है।

### विवाद से परेशान होकर नितेश ने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने की रची थी साजिश

# अंबर नदी हत्याकांड का खुलासाः शादी के दबाव में कर दी प्रेमिका की हत्या, 90 किमी दूर फेंका शव

**पुलिस के मुताबिक आरोपी नितेश यादव ने बहाने से राजीना को तेलंगाना से अपने गांव आरी (माखननगर) बुलाया। 25 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे नितेश ने अपने छोटे भाई सचिन यादव के साथ मिलकर सुनसान खेत में युवती की गला दबाकर हत्या कर दी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नंदगांव के पास अंबर नदी में 25 फरवरी को मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में युवती की हत्या उसके ही लिव-इन पार्टनर और उसके भाई द्वारा किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 32 वर्षीय राजीना बेगम निवासी लखीमपुर (असम) के रूप में हुई है। वह तेलंगाना की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी, जहां उसकी मुलाकात नर्मदापुरम निवासी नितेश यादव से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जांच में सामने आया कि राजीना बेगम नितेश पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि नितेश के परिजनों ने उसकी सगाई दूसरी युवती से तय कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लगातार विवाद हो रहा था। विवाद से परेशान होकर नितेश ने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

पुलिस के मुताबिक आरोपी नितेश यादव ने बहाने से राजीना को तेलंगाना से अपने गांव आरी (माखननगर) बुलाया। 25 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे नितेश ने अपने छोटे भाई सचिन यादव के साथ मिलकर सुनसान खेत में युवती की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने सबूत मिटाने के लिए शव को बाइक पर बीच में बैठाकर करीब 90 किलोमीटर दूर भैरुंदा क्षेत्र के नंदगांव ले गए और अंबर नदी के पुल से नीचे फेंक दिया, ताकि पहचान छिपाई जा सके। उसी दिन दोपहर में ग्रामीणों की सूचना पर भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर अज्ञात के खिलाफ मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शुरुआती दौर में शव की पहचान नहीं हो पाने से मामला चुनौतीपूर्ण बन गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कराते हुए पहचान के लिए फोटो विभिन्न जिलों और राज्यों में भेजे।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रेडियो मैसेज प्रसारित किए, गुमशुदगी के मामलों का मिलान कराया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सहारा लिया। इसी दौरान तेलंगाना में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट के आधार पर 16 मार्च को युवती की पहचान राजीना बेगम के रूप में हुई।

पहचान होने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की। मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। नर्मदापुरम के माखननगर पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी सचिन यादव ने वारदात कबूल कर ली। इसके बाद मुख्य आरोपी नितेश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार हत्या का प्राथमिक घटनास्थल माखननगर क्षेत्र में होने के कारण जीरो पर एफआईआर दर्ज कर केस डायरी संबंधित थाने को भेज दी गई है। मामले में प्रयुक्त साधनों और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किए मां बिजासन के दर्शन



**रेहटी।** चैत्र नवरात्रि के पहले रोज बिजासन हम सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता बिजासन के दरबार पहुंचे और यहां पर उन्होंने माता भी दर्शन के दर्शन कर माता बिजासन से अपने लिए मन्नत मांगी। बिजासन धाम सलकनपुर में चैत्र नवरात्रि में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बिजासन धाम सलकनपुर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को यहां पर आने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए भी प्रशासन तरह-तरह के इंतजाम करता रहता है यूं तो बिजासन धाम सलकनपुर में श्रद्धालु साल भर आना-जाना लगा रहता है लेकिन चैत्र नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो जाती है।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को घट स्थापना के साथ ही यहां पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता बिजासन के दर पर पहुंचे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने भी चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया है। साथ है राजस्व सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी यहां पर दे रहे हैं। तेज धूप में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिजासन धाम



सलकनपुर पहुंच रहे हैं। प्रथम रोज लगभग बीस से तीस श्रद्धालुओं माता बिजासन के दर्शन किए ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

## ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका तथा बालक छात्रावासों में सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से कक्षा 6वी एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। वर्ष 2026-27 में रिक्त सीटो की पूर्ति हेतु ऑनलाईन फार्म भरने की सुविधा 10 मार्च 2026 से 10 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा विशेष रूप से वंचित वर्गों के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक- बालिका छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 207 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 324 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका एवं 66 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास संचालित है।

## बघेल आप प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त



**सीहोर।** आप राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने जिला और प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे इंजी कृष्णपाल सिंह बघेल को बड़ी जिम्मेदारी प्रदान की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक की विशेष अनुशंसा पर मध्य प्रदेश प्रभारी पूर्व कानून मंत्री दिल्ली सरकार जितेंद्र सिंह तोमर ने इंजीनियर केपी सिंह बघेल को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रदेश और जिलास्तर के पदों पर रहते हुए श्री बघेल निरंतर जनसेवा कर रहे हैं। आप प्रत्याशी के रूप में इंजी कृष्णपाल सिंह बघेल सीहोर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं। आप राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा बघेल को संयुक्त प्रदेश सचिव बनाए जाने पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में खुशी बनी हुई है अनेक कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल को बधाई शुभकामनाएं दी हैं।

### राजस्व मंत्री वर्मा सीहोर में आयोजित सूर्य उपासना कार्यक्रम में हुए शामिल, कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# वर्ष प्रतिपदा भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व : राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा

श्री वर्मा ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका शासनकाल न्याय, पराक्रम और जनकल्याण का आदर्श उदाहरण रहा है। उनके निर्णयों में सदैव प्रजा का हित सर्वोपरि रहता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर कलाकारों के दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया। सीहोर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही जिले में अनेक स्थानों पर सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वर्ष प्रतिपदा भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है, जो सृष्टि के आरंभ का प्रतीक होने के साथ-साथ नववर्ष के आगमन का भी सूचक है। यह दिन हमें नई ऊर्जा, नए संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत केवल एक कालगणना नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक वैभव का जीवंत प्रतीक है।

उन्होंने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका शासनकाल न्याय, पराक्रम और जनकल्याण का आदर्श उदाहरण रहा है। उनके निर्णयों में सदैव प्रजा का हित सर्वोपरि रहता था। आज के समय में भी उनके आदर्श हमें सुशासन, नैतिकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। श्री वर्मा ने कहा कि सूर्य उपासना भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। सूर्य को जीवन, ऊर्जा और प्रकाश का स्रोत माना गया है। सूर्य की उपासना से न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है, बल्कि यह हमें अनुशासन, नियमितता और सकारात्मक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को अपनाते हुए समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा दें।

उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अपने त्योहारों और परंपराओं को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए, ताकि हमारी सांस्कृतिक पहचान और अधिक सशक्त हो सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के, एसडीएम तन्मय वर्मा, पंकज गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री नरेश मेवाड़ा और कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कृषि विभाग के नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी गांवों में जाकर किसानों को नरवाई नही जलाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके साथ ही किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों की जानकारी भी देगा।



# महाष्टमी पर होगा रात्रि बारह बजे महानिशा पूजन व आरती, नवमी पर होगा विशाल भंडारा आयोजन

**प्रथम दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ, 150 साल प्राचीन मरीह माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां**

**सीहोर।** इस वर्ष भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चेत्र नवरात्रि का पावन पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसके पहले दिन यहां पर उपस्थित आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह दुर्गा सप्त शती के पाठ के साथ आहुतियां दी। इस मौके पर भागवत कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं को नव वर्ष और नवरात्रि के महत्व का वर्णन किया।



यहां पर हर रोज यज्ञ के साथ आहुतियां दी जाएगी। गुरुवार को नवरात्रि के प्रथम दिवस मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जिला संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने पूजा अर्चना की। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक श्री मेवाड़ा ने बताया कि कुल चार नवरात्रि का वर्णन है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि के अलावा दो गुप्त नवरात्रि भी होती है। एक गुप्त नवरात्रि माघ और दूसरी आषाढ़ के महीने में आती है। इस समय शारदीय नवरात्रि का पावन अवसर चल रहा है इस साल भी यहां पर पंडित उमेश दुबे के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के द्वारा नियमित रूप से आहुतियां दी जाएगी। सुबह यहां पर मौजूद श्रद्धालु फूलों से माता का श्रृंगार किया और उसके पश्चात यज्ञ में देवी का आह्वान कर आहुतियां दी। जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पहला दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए समर्पित होता है। मां शैलपुत्री हिमालय राज की पुत्री हैं। माता के नाम का अर्थ भी पर्वत की बेटी ही है। अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण करने वाली माता शैलपुत्री की साधना करने पर कुंडली से जुड़ा चंद्र दोष और उससे होने वाली सारी परेशानियां दूर होती हैं। मां की पूजा से व्यक्ति के जीवन में उनके नाम की तरह स्थिरता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन सुबह देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाएगी।

# बाल अपचारियों ने उड़ाई दो बाइक, पुलिस ने 1.70 लाख का मशरूका बरामद किया

**भैरूंदा।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों का खुलासा कर लिया। थाना भैरूंदा पुलिस ने दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार पहला मामला 13 मार्च 2026 का है, जब ग्राम गोरखपुर निवासी कय्युम खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई फिरोज सब्जी मार्केट गुड़ बाजार में खरीदारी करने आया था। शाम करीब 7 बजे लौटने पर उसकी प्लेटिना बाइक पार्किंग से गायब मिली।

वहीं दूसरा मामला 16 मार्च का है, जिसमें हरिसिटी कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश कुशवाह की बजाज बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू की। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पूजा राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। साथ ही संदिग्धों व पूर्व में चोरी के मामलों में संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान 17 मार्च को दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों बाइक चोरी करना कबूल किया। उनकी निशानदेही पर दोनों मोटरसाइकिल बरामद कर ली गईं। पुलिस ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 1.70 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में शामिल अन्य साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी पकड़कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## भागवत कथा के अंतिम दिवस मनाया फाग महोत्सव, श्रद्धालुओं ने खेली फूलों की होली

**सीहोर।** शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मार्गदर्शन में कथा के अंतिम दिवस फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान के भजनों के साथ यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ होली खेली। इस मौके पर महाराज ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का काफी महत्व है। कृष्ण की हर लीला में धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और प्रेम की पराकाष्ठा निहित है। जब-जब उनके दिव्य चरित्र का स्मरण होता है, हृदय आनंद और शांति से भर उठता है। बाल लीलाएं हमें निर्दोषता और वात्सल्य का पाठ पढ़ाती हैं, जबकि रासलीला भक्ति की पराकाष्ठा है। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।



सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहाकि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए। अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया। दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता।

# शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का निरंतर विकास कर रही सरकार : राजस्व मंत्री

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने इछावर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातक कॉलेज में लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन के 03 करोड़ 40 लाख रूपये लागत के निर्माण कार्य भूमिपूजन किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना का निरंतर विकास कर रही है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी एवं सांस्कृतिक भवन बनने से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन का वातावरण मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मंच भी उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संसाधन उपलब्ध कराना सरकार की उद्देश्य है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस भवन के निर्माण से न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

**दीपों की रोशनी से जगमग हुआ जगदीश मंदिर प्रांगण**

# सीहोर सांस्कृतिक मंच ने 501 दीप प्रज्वलित कर मनाया गुड़ी पड़वा और हिंदू नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सीहोर नगर की धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की अग्रणी सस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच ने सब्जी मंडी स्थित जगदीश मंदिर पर नव वर्ष का स्वागत पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलित कर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने मन्दिर परिसर 501 दीप प्रज्वलित कर मंदिर पर ध्वजा पताका बांधा और इसे पश्चात हिंदू नव वर्ष मंगलमय हो 2083 विक्रम संवत शुभ हो तथा स्वास्तिक शुभचिन्ह जमीन पर अंकित कर सीहोर सांस्कृतिक मंच सदस्यों के साथ शहर के जनमानस ने दीपों को पंक्तिबद्ध किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेविका अरूणा सुदेश राय एवं नमिता अखिलेश राय, विशेष अतिथि के रूप में अमीता जसपाल अरोरा एवं सोनाली-प्रिंस राठौर उपस्थित रही। सर्वप्रथम सांस्कृतिक मंच की श्रीमती राठौर, सीमा सक्सेना, रूपाली सोनी, गुन्नु राठौर ने अंग वस्त्र उढ़ाकर स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं एवं सांस्कृतिक मंच के सदस्यों ने दीपो में तेल भरकर बाती रखकर पंक्तिबद्ध किया गया। दीप प्रज्वलन के निमित्त सीहोर सांस्कृतिक मंच के के अध्यक्ष आशीष गुप्ता नरेन्द्र गोस्वामी, प्रदीप नागिया, भगत सिंह तोमर, पुरुषोत्तम मीणा, निलेश जयपुरिया, सतीष त्यागी के नेतृत्व में अन्य कार्यकर्ताओं ने मोमबत्ती वितरित कर दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम संपन्न कराया।

इस मौके पर अरुणा राय ने कहा कि हिंदू नववर्ष का स्वागत उत्साह और उल्लास के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने नववर्ष के महत्व के बारे में जागरूक करने का आह्वान किया। अमिता अरोरा ने कहा कि हिंदू नववर्ष का आरंभ चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से होता है। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और हिंदू धर्म के सभी व्रत, त्योहार, पूजा-पाठ तथा मांगलिक कार्य पंचांग और संवत के अनुसार ही किए जाते हैं, इसलिए सभी को इसी दिन नववर्ष मनाना चाहिए। नमिता राय ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्राकृतिक नववर्ष है। इस समय ऋतु परिवर्तन होता है और प्रकृति में नया जीवन दिखाई देता है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष में ऐसा परिवर्तन नहीं दिखता। यह आयोजन केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम भी है। सोनम राठौर ने सांस्कृतिक मंच के प्रयास प्रशंसा की ओर कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सकारात्मक ऊर्जा और हमारी समृद्ध परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, जो एक सशक्त, संगठित एवं जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सभी एक दूसरे को हिन्दु नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाऐं दी। अंत में सभी का आभार सीहोर सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने व्यक्त किया।

# सीएम राइज विद्यालय तक बनेगी पक्की सड़क, नए सत्र से पहले पूरी होंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर के सर्वांगीण विकास के साथ शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर परिषद सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव के नगर आगमन के दौरान नवनिर्मित सांदीपनि (सी.एम. राइज) विद्यालय भवन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई, जिसमें विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने विधायक को आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों से अवगत कराते हुए विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय तक पहुंचने के लिए अभी सुगम मार्ग का अभाव है, जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस पर उन्होंने पक्की सड़क निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग रखी। साथ ही विद्यालय परिसर में अन्य जरूरी बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया।



विधायक रमाकांत भार्गव ने विषय को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पहले सड़क निर्माण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्राथमिकता के आधार पर पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, और इस दिशा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### जिले के छोटे-छोटे शहरों में बन गए बाईपास, पर राजगढ़ मुख्यालय अभी भी तरस रहा

# आखिरकार कब तक नरबलि लेगा राजगढ़ के बीच से निकला बाईपास ?

**राजधानी दिल्ली में अटकी दो स्वीकृत मार्गों की फाइलें, राशि पूर्व से स्वीकृत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

राजगढ़ शहर के बीचों-बीच से निकल रहे बाईपास पर आए दिन दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। दो दिन पूर्व ही स्थानीय दरगाह के सामने अचानक रफ्तार पकड़े एक डंपर ने एक छात्रा को ऐसा कुचल दिया कि उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं साथ की दूसरी छात्रा अभी भी जिंदगी और मौत से लड़ रही है।

इसके साथ बीते एक दो वर्ष के दौरान घनी आबादी और यातायात के बीच से निकल रहे इस बाईपास पर दर्जनों एक्सीडेंट के मामले सामने आ चुके हैं। ब्यावरा, खिलचीपुर, सारंगपुर जैसे तहसील मुख्यालयों के हाईवे के बाईपासों का निर्माण करवा दिया गया है लेकिन जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां का बाईपास अभी तक शहरी सीमा के अंदर से ही निकल रहा है। जबकि, पीडल्यूडी विभाग की एनएच विंग नवीन बाईपास निर्माण के लिए करीब 400 करोड़ की राशि स्वीकृति भी कर चुकी है। चूंकि मामला देश की राजधानी दिल्ली में अटका हुआ है इसलिए राजगढ़ के आमजनों द्वारा क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर से मांग की जा रही है कि इस पेंडिंग मसले को प्राथमिकता में लेकर दिल्ली से स्वीकृत करवाएं।




पूर्व से स्वीकृत है 400 करोड़ का बजट, लेकिन सिर्फ स्वीकृति का इंतजार

भोपाल से स्वीकृत होकर दिल्ली में अटकी राजगढ़ बाईपास की फाईलें

### दो रूट राजगढ़ से फाइनल कर भेजे गए थे दिल्ली

*18 सितंबर 2024 पीडल्यूडी एनएच विंग के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बाईपास का रूट फाइनल करने हुई थी। इस बैठक में खोयरी महादेव वाला रूट पूरी तरह कैंसिल किया जा चुका था क्योंकि वहां 80 फीसदी से अधिक वन्य क्षेत्र है। इसमें में बाकी के 2 अन्य रूटों में से किसी एक को फाइनल करने हेतु प्रक्रिया करीब दो साल से विचाराधीन चल रही है और मामले की फाइलें लोक निर्माण विभाग भोपाल की एनएच विंग या एनएच के दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं।*

### इन दो रूटों में से कोई एक होना है तय, जो दिल्ली में अटका

नवीन बाईपास निर्माण के लिए जहां 400 करोड़ के लगभग की राशि तो स्वीकृत हो चुकी है लेकिन तय किए गए दो रूटों में से किस रूट पर बाईपास का निर्माण किया जाए इस बारे में मामला अधर में लटका हुआ है। बाईपास निर्माण के लिए खोयरी रूट वाला आप्शन-1 तो कैंसिल किया जा चुका है। दूसरे ऑप्शन वाले बाईपास की लंबाई 9.5 किमी है जो प्रतापगढ़, रघुनाथगढ़, भगवतिपुर, जुगलपुरा, हरजीपुरा, देवझिरी वाला है। वहीं तीसरे रूट ऑप्शन वाला बाईपास करीब 15 किमी लंबाई वाला है जो रामपुरा, कालीतलाई, मदापुरा, पीपल्या पाटनकला, गोवर्धनुपरा, मोरपीपली, हरजीपुरा, जोगीपुरा, फतेहपुर वाला है।

### जनप्रतिनिधि भी नहीं दिखा रहे रुचि

राजगढ़ शहर के आम नागरिक जहां बाईपास के शीघ्र निर्माण की मांग कर रहे हैं वहीं जिले के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते प्रशासनिक अधिकारी भी मौन साधे बैठे हैं और बाईपास की फाइलें दिल्ली मंत्रालय में धूल खा रही हैं। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि अलबत्ता मामले को समय-समय पर उठा रहे हैं लेकिन विपक्ष में होने के चलते उनकी बात को कोई तवज्जो ही नहीं दी जा रही है।

### प्रयास में लगा हूं...

पूरे प्रयास में लगा हूं। राजगढ़ बाईपास के लिए विगत दिनों ही केंद्रीय मंत्री से बात हुई है। कुछ तकनीकी दिक्कतें हैं। कल राजगढ़ तक ट्रेन आ रही गई। जल्द बाईपास के भी दोनों मार्गों में से एक की स्वाकृति आने वाली है।

**रोडमल नागर, सांसद लोकसभा क्षेत्र, राजगढ़**

### गेहूं के उचित दाम की मांग कर रहा किसान महाशक्ति संघटन

# अधिकारी लेने नहीं आए तो किसानों ने गधे को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति द्वारा आयोजित किसान पंचायत में प्रशासनिक उदासीनता का अनोखा विरोध देखने को मिला। अधिकारियों के इंतजार में बैठे किसानों का ज्ञापन जब कोई प्रशासनिक अधिकारी लेने नहीं पहुंचा, तो किसानों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एक गधे को ज्ञापन सौंपकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। यह किसान पंचायत शहर के श्री अंजनी लाल मंदिर परिसर में आयोजित की गई थी।

किसानों ने वर्तमान कृषि व्यवस्थाओं और प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। पंचायत के दौरान एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई थी, लेकिन कोई भी अधिकारी ज्ञापन लेने मौके पर नहीं पहुंचा। अधिकारियों की अनुपस्थिति से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप मौके पर मौजूद एक गधे को ही ज्ञापन सौंप दिया। इस घटना ने प्रशासन की कार्यशैली और किसानों के प्रति उदासीनता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आरोप, फसलों के नहीं मिल रहे उचित दाम

किसान पंचायत को संबोधित करते हुए संघटन प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी ने कहा कि किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया है, लेकिन उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसान अन्नदाता है, लेकिन उसे अपनी फसल का मूल्य तय करने का अधिकार नहीं है, जो उनके साथ अन्याय है। इस अवसर पर संगठन मंत्री केसर सिंह गुर्जर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भगवान सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन तंवर, गुना जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, जिला महामंत्री शिव सिंह पटेल (बहादुरपुर) और कमल सिंह बना सहित कई किसान पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### पितरों की आत्मशांति के लिए किया सामूहिक पूजन-तर्पण

# भूतड़ी अमावस्या पर कालसिंध में लगाई आस्था की डुबकियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

चैत्र मास की कृष्ण पक्ष अमावस्या जिसे भूतड़ी अमावस्या भी कहा जाता है, के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध तीर्थ कपिलेश्वर तीर्थ में पवित्र कालीसिंध नदी घाट पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सुबह 5 बजे से ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में आस्था की डुबकी लगाई और पितरों की शांति के लिए तर्पण व पूजन किया। कालीसिंध नदी घाट पर स्नान का सिलसिला सुबह से प्रारंभ होकर शाम तक चलता रहा दिन भर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने खेडापती हनुमान एवं नवग्रह देवताओं की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा देकर पुण्य अर्जित किया गया। पंडित कैलाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र मास की भूतड़ी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पितृ लोक के द्वार खुलते हैं और पूर्वज अपने परिजनों को आशीर्वाद देने पृथ्वी पर आते हैं। इस तिथि पर किए गए तर्पण और कर्मकांड से पितृ दोष शांत होते हैं तथा घर-परिवार में शांति और समृद्धि आती है।

### पितरों की आत्मशांति के लिए विशेष है यह अमावस्या

इस अमावस्या को भूतड़ी इसलिए कहा जाता है क्योंकि इस दिन सूक्ष्म और अदृश्य शक्तियों का प्रभाव भी अधिक माना जाता है। हालांकि, इसका प्रमुख उद्देश्य पितरों का स्मरण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना ही है। कपिलेश्वर तीर्थ धाम पुजारी संतोष पुरी गोस्वामी ने जानकारी दी कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने विधि-विधान से स्नान कर भगवान का पूजन किया और अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तीन साल से थाने के चक्कर काट रही थी महिला

# छेड़खानी के अभियुक्त पटवारी पर एक ओर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खिलचीपुर


नाबालिग के अश्लील वीडियो के बाद अब पटवारी का दूसरा मामला भी आया सामने

क्षेत्र के पटवारी जो पूर्व से नाबालिग बालिका का वीडियो बनाने के अपराध में अभी कुछ दिनों पहले ही जेल से आए हैं उन पर खिलचीपुर थाने में एक ओर मामला दर्ज हुआ है। बतादें कि यह पटवारी महेश पटवारी पूर्व से शासकीय सेवा से निलंबित किए जा चुके हैं। इन्हीं पटवारी साहू पर बुधवार को छेड़खानी व एससी/एसटी एक्ट का एक ओर मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित दलित महिला नीता वंशकार महेश पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाते समय हुई छेड़खानी की शिकायत को लेकर विगत 3 वर्षों से थाने के चक्कर लगा रही थी। यही नहीं एसपी कार्यालय, एसडीओपी कार्यालय, 181 पर कंप्लेंट दर्ज करने के बावजूद भी खिलचीपुर थाने में पटवारी महेश के रसूख के चलते कार्यवाही नहीं हो सकी थी। हरिभूमि ने भी इस मामले को प्रमुखता से उजागर किया था। इसके बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान उपरान्त खिलचीपुर थाने में अब संबंधित पटवारी साहू पर बीएनएस की धाराओं व एससी/एसटी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है।

# हार्वेस्टर संचालकों को नरवाई के संबंध में दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सारंगपुर

जिले में खेतों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सारंगपुर थाने में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि हार्वेस्टर संचालक जब भी किसी किसान के खेत में गेहूं की कटाई करें, उसकी जानकारी संबंधित थाने में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कटाई के दौरान स्ट्रारीपर (भूसा बनाने वाली मशीन) का उपयोग कर अवशेषों को भूसे में बदला जाए, ताकि नरवाई जलाने की नौबत न आए। अधिकारियों ने जागरूकता अभियान के तहत संचालकों को किसानों को समझाइश देने के निर्देश भी दिए। किसानों को बताया जाए कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा इससे आगजनी की घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। बैठक में वरिष्ठ कृषि अधिकारी राजेश राजपूत, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, पटवारी शहजाद खान, कृषि विस्तार अधिकारी राकेश परमार संजय पाटीदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आदेश के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

# पशु चारे के निर्यात पर राजगढ़ कलेक्टर ने लगाया पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

कलेक्टर के आदेश पर पशु चिकित्सा विभाग ने अहम निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, जिले में रबी फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिए बनाये रखना आवश्यक है। ऐसे में राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलों में भूसे के परिवहन तथा ईंट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के अनुसार जिले में पशुधन के लिए चारे की उपलब्धता आवश्यक है। यदि राजगढ़ जिले की सीमा के बाहर जिले से पशु चारा निर्यात प्रतिबंधित नहीं किया जाता है तो जिले में पशुधन के लिए चारा की कमी होगी, तथा चारा के बाजार मूल्य में अधिक वृद्धि होना संभावित है।

ऐसी स्थिति में पशुओं का चारे के बिना भूखे रहने की स्थिति निर्मित हो सकती है। ऐसे में जिलाधीश ने समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर राजगढ़ जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर 30 जून 2026 तक के लिए प्रतिबंध लगाया है।



### यह भी लिखा है आदेश में

*साथ ही कोई भी कृषक, व्यापारी, व्यक्ति निर्यातक उपरोक्त क्रम में से किसी भी प्रकार के पशु चारे का किसी भी वाहन, मोटर, रेल, यान, नाव अथवा पैदल जिले के बाहर कलेक्टर के अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा। शासकीय उपयोग के लिये भूसा एवं पशु चारे का परिवहन संबंधित अनुभागों के एसडीएम की अनुमति अनिवार्य होगी। आदेश का उल्लंघन होने पर मध्यप्रदेश पशु चारा (निर्यात नियंत्रण) आदेश 2000 के निहित प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।*

### ताकि ब्यावरा के अपराधों पर रखा जा सके नियंत्रण



# सीसीटीवी कैमरे लगवाने केमिस्ट एसोसिएशन ने सौंपी सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा

केमिस्ट एसोसिएशन ब्यावरा की तरफ से शहर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने थाना प्रभारी वीरेन्द्र धाकड़ को आपस में एकत्रित की गई सहयोग राशि जनहितार्थ सौंपी गई है। सभी कैमिस्टों (दवा विक्रेताओं) ने करीब 51 हजार 5400 रुपए सीसीटीवी हेतु पुलिस, प्रशासन को सौंपे। इस सहयोग का मुख्य उद्धेश्य ब्यावरा नगर में हो रही घटनाओं यथा चोरी, मारपीट, छेड़खानी जैसे अन्य अपराधों की त्वरित पड़ताल करना है। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के संरक्षक मोहन गुप्ता, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, सचिव अंकुश गुप्ता, जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, सुरेश चंद्रवंशी सहित अन्य दवा विक्रेता उपस्थित रहे।


### खिलचीपुर-राजगढ़ के मध्य रेलवे टेक की हुई फाइनल चेकिंग

# साकार हुई कल्पना, राजगढ़ पहुंची सपनों की छुक-छुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

राजगढ़ में रेल देखने का सपना लेकर अनेकों लोग शायद अब इस दुनिया में ही नहीं बचे हैं, परन्तु करीब 35 वर्ष पुराने रामगंज-मंडी भोपाल रेल प्रोजेक्ट आगामी वर्षों में पूर्ण होने की उम्मीद अब जाग उठी है। गत वर्ष पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा जहां राजस्थान सीमा के बाद जिले के खिलचीपुर तक के टेक का फाइनल निरीक्षण किया जा चुका था। वहीं बुधवार को रेलवे संरक्षा अधिकारी ने खिलचीपुर से राजगढ़ टेक की मजबूती सहित सुरक्षा से जुड़े अन्य मापदंड जांचने परखने दोनों स्टेशनों के बीच का पहले ट्रॉली एवं इसके उपरान्त टेन से निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि रेलवे संरक्षा अधिकारी द्वारा इस निरीक्षण के उपरान्त अपनी फाइनल रिपोर्ट तैयार करके रेलवे मंत्रालय को सौंपी जाएगी उसी के बाद यह निश्चित होगा कि कब रूटीन टेन चलेगी। यहां आपको यह भी बतादें कि इसी तरह का निरीक्षण रेलवे के अधिकारियों द्वारा खिलचीपुर तक के टेक का भी पूर्व में किया जा चुका है लेकिन आज तक कोई रूटीन यात्री टेन रामगंजमंडी से सीधे खिलचीपुर तक शुरू नहीं की गई है।



### राजगढ़वासी रहे उत्साहित

चूंकि, राजगढ़ नगरवासियों इस प्रोजेक्ट के तहत नगर की सीमा में रेल आने का सालों से इंतजार कर रहे थे ऐसे में जैसे ही यह टेन राजगढ़ पहुंची तो अनेकों लोग टेन के सम्मुख रील बनाने, उसे देखने में लग गए। आलम यह रहा कि पुलिस को लोगों को मुख्य टेक और स्टेशन के आसपास से हटाने मजबूर होना पड़ा।

### सारांश में जाने यह पूरा प्रोजेक्ट

*रामगंजमंडी से भोपाल तक के इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 3 हजार 500 करोड़ रुपए है जो 276 किमी लंबाई का है। आज से 26 वर्ष पहले साल 2000 में प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई थी तब लागत कम थी लेकिन समय-समय रुकी परियोजना ने प्रोजेक्ट की लागत को चार गुने से अधिक पहुंचा दिया।*

# प्रभात फेरी के दौरान बालक के प्रदर्शन ने किया मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जीरापुर

नगर में प्रातः प्रतिदिन निकलने वाली प्रभात फेरी एक धार्मिक आस्था और पवित्र परंपरा की अनोखी मिसाल बनती जा रही है, जो धार्मिक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं धर्म के प्रति प्रेरित कर रही हैं।

एक ओर जहां धर्म की ओर प्रेरित करतीं हैं, वहीं शारीरिक रूप से प्रातः जल्दी जगाने का काम कर रही है। यह न केवल ईश्वर के नाम का संकीर्तन है, बल्कि शहर के वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर देने का एक प्रयास माना जा रहा है। प्रभात फेरी में महिला पुरुष हरि के गुणगान में पैदल चलते हैं तथा वहीं इस प्रभात फेरी में एक बालक जो बेहतरीन ढोलक बजा कर अपनी कला का प्रदर्शन करता आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहता है। खेलने कूदने की उम्र में भी प्रभु के प्रति आस्था का नजारा एक अच्छे माता-पिता के द्वारा दिए संस्कारों को प्रदर्शित करता है।

**खबर संक्षेप**

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में हितिश को तीसरा स्थान मिला

**सीहोर।** इंडियन एसोसिएशन पार्लियामेंट्रीयन आन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर के छात्र हितिश दुबे ने बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुद्रण मानसिक स्वास्थ्य के विकास में सहायक विषय पर विजय प्राप्त करते हुए देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में श्री दुबे ने अपने प्रेरणा स्त्रोत सोनू प्रकाश प्रजापति सर एवं माता संगीता दुबे के मार्गदर्शन में उक्त सफलता प्राप्त की। हितिश की उपलब्धि पर भोपाल बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के डीन सहित प्रोफेसर डॉक्टर पवन मिश्रा, प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज सीहोर के प्राचार्य डॉ रोहिताश कुमार शर्मा, सलोनी दुबे सहित एक्सीलेंस कॉलेज के समस्त प्रोफेसर स्टाफ सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सीहोर जिले का देश में नाम रोशन करने पर हितिश को बधाई दी है।


### एसडीएम ने बैठक कर निर्देश दिए

**सीहोर।** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रुकावट की देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण के उद्देश्य से सीहोर तन्मय वर्मा द्वारा एलपीजी वितरकों एवं प्रतिष्ठान संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में कालाबाजारी रोकने के भी निर्देश दिए।

## प्रभुप्रेमी संघ ने गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर के कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने दी एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं


# चरित्र हमारी सबसे बड़ी संपत्ति, माता-पिता और गुरु को प्रणाम करने से भाग्य परिवर्तित होताः निलिंप त्रिपाठी





जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ ने मानस भवन परिसर में आयोजित किया नवसंवत्सर और गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विक्रमाब्ध के प्रारंभिक काल में प्रकृति से समरस होने का विज्ञान ही नव संवत्सर है। प्रकृति हमे आनन्द प्रदान करती है। मिट्टी से बना मनुष्य आनन्द के लिए मिट्टी से खेलता है और अंत मे मिट्टी में ही विलीन हो जाता है लेकिन मनुष्य अपनी अखण्ड असंग अभेद का उत्थान चेतना से ही कर पाता है। अन्य के जीवन मे आनन्द भरने से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। प्रभु स्मरण में गहन निष्ठा और प्रगाढ़ता हो तो प्रभु भी हमे अपनी स्मृति में रखते हैं। उक्त आशय के उद्गार भागवताचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ द्वारा मानस भवन के दिव्य परिसर में आयोजित नवसंवत्सर एवं गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम में व्यक्त किये। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में कहा कि चरित्र हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है। माता पिता और गुरु को प्रणाम करने से हमारा भाग्य परिवर्तित होता हैं। किसी के प्रभाव से परे अपने स्वभाव में रहने से ही आत्म कल्याण होता है। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने उद्धरणों से समझाया कि सम्बन्धों में मोल भाव नही होता। अपनी वाणी में मधुरता से हमे दूसरों का और अपना मान बढ़ाना चाहिए। जितना हमारा आचरण पवित्र होगा और हम संयम का पालन करेंगे तन और मन से उतने ही स्वस्थ होंगे चेतन्य रहने से जीव सद्गति प्राप्त करने में सफल हो जाता है। अपने प्रवचन में डॉ त्रिपाठी ने प्रभु प्रेमी संघ की स्थानीय शाखा के सेवा स्वाध्याय और सत्संग की संकल्पित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए नगर में विद्यमान धार्मिक आस्था परस्पर सरलता, सहजता और मैत्री भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छल छद्मता से शुभता नही होती। सरलता स्वाभाविकता और सकारात्मकता से ही प्रभु प्रसन्न होते हैं। आचार्यजी ने शिव को ज्ञानदाता बताते हुए कहा कि भगवती शैलजा ने कु और बैर जैसे अवगुणों से युक्त कुबेर को भी उनके सकारात्मक होने पर धनधान्य का देवता और यक्षाधिपति बना दिया था एक रोचक प्रसंग में आचार्य जी ने कहा कि पांच इन्द्रिय और पांच तत्वों के साथ ही एक मन के एकाकार से हमे जीवन में नित्य एकादशी के व्रत पालन का लाभ मिल जाता है। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने सभी सनातन धर्मावलम्बियों से आह्वान किया कि नव वर्ष की बेला में अपने-अपने घरों पर सूर्य युक्त भगवा ध्वज लगाएं तथा हृदय को स्वस्थ और पवित्र रखने के लिए नित्य सूर्य की उपासना और आदित्य हृदय स्त्रोत के पाठ का संकल्प लें।



### परिसर में किया भगवा ध्वजारोहण

इसके पूर्व- नव संवत्सर पर आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले परिसर में भगवा ध्वजारोहण किया गया। पूज्य स्वामी अवधेशानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मराठी महाडिग परिवार के निर्देशन में गुड़ी पूजन करके परम्परागत ढंग से नीम की गोली और चना दाल वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक तथा शास्त्रीय संगीत गुरु राम श्रीवादी, शिव श्रीवादी और उनकी टीम ने राष्ट्र वंदना मातृ वंदना श्री राम वंदना के मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर किया। नर्बदा प्रसाद सेन और जीवन दास ने भी भजन प्रस्तुत किये। क्षैत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भुरू मुकाती, प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, संयोजक कैलाश परमार, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर, समाजसेवी रविन्द्र रांका, मोहनसिंह अजनोदिया, रामेश्वर खंडेलवाल आदि ने अतिथि प्रवचनकार निलिम्प त्रिपाठी और उनकी सहधर्मिणी श्रीमती निधि त्रिपाठी का स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज की पादुका पूजन की। कार्यक्रम की समापन बेला में पूज्य स्वामी अवधेशानन्द जी की सामूहिक आरती एवम पुष्पांजलि के पश्चात फलाहारी प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभु प्रेमी संघ के स्वयं सेवकों ने सभी आगन्तुक श्रद्धालुओं का चंदन तिलक लगा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया।

### नव वर्ष पर सिद्धिगंज में निकाला चल समारोह



**सिद्धिगंज।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा ग्राम सिद्धि गंज में हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि पर ग्राम में बड़े धूमधाम से बैंड बजे व डीजे के साथ नाचते गाते हुए चल समारोह निकल गया। चल समारोह का ग्राम में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह ग्राम के प्राचीन बगवाई माता मंदिर से प्रारंभ किया गया। जो ग्राम के बस स्टैंड पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, हनुमान मंदिर, खाती मोहल्ला, बावड़ी चौक, आनंद चौक, छोटा बाजार होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा। चल समारोह में अरुण श्रीवास्तव हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, अतुल तापड़िया हिंदू उत्सव समिति उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धिगंज, राकेश सिसोदिया मंडल अध्यक्ष, श्रीराम राठौर, धर्मचंद सोनी, निखिलेश मुंदड़ा, नंदकिशोर बागवान उपसरपंच, अशोक राठौर, मुक्तेश तापड़िया, लक्ष्मी नारायण भगवान, चेतन राठौर, दीपक ठाकुर, नरेंद्र राठौर, डॉ भगवान सिंह गुर्जर, अमित तापड़िया, गोल्डी श्रीवास्तव, मानसिंह योगी, राजेंद्र ठाकुर पटेल, गोरेलाल महेश्वरी, रेवाराम पटवा, राजू गहलोत, देवकरण मालवीय, राजेंद्र पंडित, नितेश सेन, भूपेश वर्मा, जीवन वर्मा, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़े धूमधाम से हिंदू नव वर्ष एक दूसरे से गले मिलकर मनाया गया।

# ग्रामीणों को जल संकट से सामना नहीं करना होगा विधायक ने 5 ग्राम पंचायतों को सौंपे पानी के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



धीरे-धीरे गर्मी का असर क्षेत्र में देखा जाने लगा है। गर्मी में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से जल संकट का सामना ना करना पड़े इसको लेकर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर गम्भीर नजर आये। अभी तक आष्टा क्षेत्र की 144 ग्राम पंचायतों में से लगभग 80 पंचायतों को पूर्व में विधायक निधि से पानी के टैंकर उपलब्ध करा चुके है। गुरूवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधायक कार्यालय पर आयोजित एक सादे समारोह में आष्टा जनपद की 5 ग्राम पंचायत जाफराबाद, खाचरौद, जीवापुर महोडिया, मुबारिकपुर मांडली, कन्नौद मिर्जी के सरपंचों को पानी के टैंकर सौपे गये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यक्रम में उपस्तिथ जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर,खाचरौद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,सुशील संचेती, सुनील केलिया, ग्राम पंचायत जाफराबाद के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल जी,ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच - शंकरलाल रेवाराम, ग्राम पंचायत जीवापुर महोडिया के सरपंच सुरेंद्र सिंह गणपत सिंह,ग्राम पंचायत मुबारिकपुर मांडली के सरपंच संतोष कुमार शिवनारायण, ग्राम पंचायत कन्नौद मिर्जी के सरपंच लक्ष्मीनारायण कन्हैयालाल सहित सभी उपस्तिथ ग्रामीण जनों को टैंकर सौपते हुए कहा की इन टैंकरों का उपयोग ग्राम में जनता की प्यास बुझाने एवं जनहित के कार्यो में करे जब किसी सूखे कंठ को शीतल जल मिलता है। जब उसकी प्यास बुझती है और प्यास बुझने के बाद उसके मुख से जो आशीर्वाद के शब्द निकलते है,उस आशीर्वाद के आगे सब धन फीका होता है,जो आशीर्वाद मिलता है,ना जाने वो कब किसी संकट से हमे बचा कर पार लगा देता है । इस अवसर पर टैंकर लेने पहुचे सभी सरपंचों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का पंचायत को दी गई टैंकर की सौगात पर उनका स्वागत सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया ।

# जन भागीदारी से तालाब का गहरीकरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इसमें जन भागीदारी में जल संचयन का संकल्प लिया गया। जिसमें सामुदायिक कार्य और हितग्राही मलक लिए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत पुराने जल संरचनाएं का जीर्णोद्धार व मनरेगा जी राम जी से खेत तालाब व सोकता गडडा इत्यादि कार्य किया जा रहे हैं। इस अवसर पर गुरुवार को ग्राम पंचायत खाचरोद के अधिनिष्त पुराने हनुमान मंदिर के पास तालाब का गहरीकरण का कार्य जन भागीदारी से करने हेतु शुरूआत की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, उप यंत्री अनिरुद्ध कुमार गुप्ता, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सूरज जाट, भारत सिंह ठाकुर, बाबू सिंह ठाकुर, सोहनलाल सोनी कोटवार, सुखराम मालवीय, रोहित सिंघन आदि लोग उपस्थित थे।

### सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति ने की स्थापना



**सीहोर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ दुर्गा स्थापना की गई। इस मौके सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक पंकज गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, आशीष गेहलोत उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से बल्ली रैकवार को अध्यक्ष, सीवम माँझी, प्रियांशु रैकवार को उपाध्यक्ष, रोहित माँझी, हिमांशु रैकवार को सचिव एवं खुशी मोटवानी, विशेष सौलंकी को सहसचिव बनाया गया। समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया।

## नव वर्ष प्रतिपदा पर विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

# नए रचनाकारों को जोड़ना मुख्य उदेश्यः गोहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बेनर तले स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में नव वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार हरिओम शर्मा (दाऊ) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया थे। विशेष अतिथि समाजसेवी ब्रजमोहन सोनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप सिंह चौहान एवं कवि हीरालाल जायसवाल अनाड़ी थे।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि सीहोर जिले में साहित्य परिषद सबसे अधिक सक्रियता से कार्य कर रही है। वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया की जयंती पर लेखन कला से जुड़े युवाओं का सम्मान उन्हें और अधिक बेहतर लिखने की प्रेरणा देगा। इस तरह के आयोजनों से नव लेखकों को भी मंच पर अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त होता रहेगा। अंत में उन्होंने व्यवस्थित आयोजन के लिए डॉ. बिजेंद्र जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रदीप एस. चौहान ने कहा कि स्व. रमेश गोहिया की विरासत को डॉ. बिजेंद्र जायसवाल बख़ूबी संभाल रहे हैं। हर महीने इस तरह के आयोजन बिना किसी से सहयोग लिए करते रहना बहुत दुरूह कार्य है।

उन्होंने अपने प्रभावी संबोधन में सभी साहित्यिक विभूतियों को और बेहतर लिखने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि राहुल ठाकुर ने किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र ओढ़ा कर परिषद अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में साहित्य परिषद के संरक्षक रहे गीतकार स्वर्गीय रमेश गोहिया की स्मृति में शहर की युवा रचनाकार दीक्षा सिंह व युवा पत्रकार आशीष गुप्ता का सम्मान शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में द्वारका बांसुरिया, विनोद पंसारी, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हरिश्चंद्र आर्य, हीरालाल शर्मा, गोविंद लोवानिया, जोरावर सिह, संदीप मेवाड़ा, डॉ. अखिलेश हठीला, राहुल ठाकुर, डॉ. हरीश सोनी, जयंत चंद्रवंशी आदि मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम में सविता सिंह,भावना चंद्रवंशी, स्कूल की संचालिका सुनीता जायसवाल, दिलीप गांधी, कृष्ण कुमार सावले आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत मे सभी का आभार परिषद के महामंत्री लक्ष्मण सिंह चौकसे ने व्यक्त किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत ग्रामीणों ने तलाब का गहरीकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के द्वारा ग्राम बमुलिया दोराहा एवं शेखपुरा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब का गहरीकरण के साथ आसपास साफ-सफाई का श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में जल स्त्रोतों की साफ सफाई के लिए नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों के माध्यम से ग्राम में जन जागरूकता गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया है। मेन्टर रवि सोनी द्वारा कहा कि अब समय आ गया है पानी को पानी की तरह ना बहाएं और इसके संरक्षण पर कार्य करें अब यह समय की मांग भी है और बेहद जरूरत भी है कि हम पानी की उपयोगिता को समझें और इसकी बूंद बूंद को सुरक्षित करने हेतु प्रयास करें। अभी हमें पानी को बचाने की आदत नहीं है हमें अपनी दिनचर्या में और दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले पानी के प्रति अपनी आदत को बदलना होगा जिससे कि हम जल संरक्षण के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। तालाब गहरीकरण में सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिर, जीवनवाणी समपर्ण समिति नवांकुर संस्था प्रतिनिधि थान सिंह, प्रगति पथ वेलफेयर सोसायटी राहुल मेवाड़ा, मेन्टर रवि सोनी, रोजगार सहायक रवि गोस्वामी, छात्र विजय मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।